

# छात्रों की सुरक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन का एबीवीपी ने किया घेराव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरूवार को घेराव किया गया. विगत रात कन्या छात्रावास एवं बालक छात्रावास में हुई मारपीट के विरोध में घेराव कर छात्रो ने विरोध जताया और कार्यवाही की मांग की.**

विश्वविद्यालय इकाई मंत्री दीपा सिंह तोमर ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इंदिरा महिला छात्रावास में 24 नवम्बर की रात्रि को बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा स्मिता सिंह को उसके साथ रूम में रहने वाली छात्रा द्वारा सिगरेट का गुल गिराए जाने को लेकर कहासुनी हुई, बाद में मारपीट की गई. छात्रा सुरक्षा को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन पर सवाल उठाए गए और परिसर कैम्पस में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग की गई. विद्यार्थी परिषद का कहना है कि लम्बे समय से कैमरा लगाने की मांग की जा रही है लेकिन नही लगाया गया. उधर बालक छात्रावास में संकल्प केवट के साथ आधी रात को आसमाजिक तत्वों ने दरवाजा बंद कर बेहरमी से मारपीट की. दोनो घटनाओं को लेकर विद्यार्थी परिषद ने नाराजगी जताई और सुरक्षा की मांग की. लैब सहित कई मांगे की गई, जिस पर कुलगुरू ने आश्वासन दिया कि जायज मांगो को जल्द ही पूरा किया जायेगा और घटना को लेकर जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी. अगर मांगे पूरी नही हुई तो तालाबंदी कर आंदोलन का अल्टीमेटम विद्यार्थी परिषद ने दिया है. प्रदर्शन में नगर मंत्री हर साहू, भाग संयोजक पवन द्विवेदी, नगर सह मंत्री हर्ष भदौरिया, आशीष द्विवेदी, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष किशन, तनुजा, आर्यन आदि मौजूद रहे.

# रीवा जोन के आईजी ने किया वार्षिक परेड़ का निरीक्षण

## सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं, आईजी के सामने हुआ बलवा ड्रिल का रिहर्सल, संसाधनों का लिया जायजा





नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत ने पुलिस लाइन पहुंचकर वार्षिक निरीक्षण किया और परेड़ की सलामी ली. साथ ही पुलिस दरबार में अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और समस्या के निराकरण का भरोसा दिया. पुलिस लाइन में मौजूद संसाधनो का जायजा भी लिया.**

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के द्वारा पुलिस लाइन रीवा में आयोजित वार्षिक निरीक्षण किया. इस के दौरान आयोजित परेड का एवं परेड में सम्मिलित अधिकारियों/कर्मचारियों के टर्न आउट, पुलिस वाहनों, पुलिस बैंड,बंब स्क्वाड एवं पुलिस डॉग स्क्वाड का बारीकी से निरीक्षण किया गया. परेड के दौरान बलवा ड्रिल का भी अभ्यास किया गया, जिसके दौरान आईजी के द्वारा बलवा की अकस्मात स्थिति मे त्वरित निर्णय ले कर बलवा नियंत्रण के गुर बताए एवं बलवा के दौरान पुलिस की कार्यविधी बताई गई. परेड के उपरान्त पुलिस लाइन रीवा के दस्तावेजो एवं आर्म्स शाखा व आयुधों का जायजा लिया गया. उपलब्ध संसाधनो का जायजा लेने के साथ मिली कमियों को दुरस्त करने के निर्देश दिये. साथ ही अनुशासन एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने के निर्देश दिये. इस दौरान रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे.

### पुलिस दरबार में किया संवाद

आईजी गौरव राजपूत ने पुलिस दरबार लगाकर विभाग के अधिकारियो-कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनके निराकरण हेतु आस्वस्त किया गया. कई समस्याएं ऐसी सामने आई जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया. पुलिस दरबार में संबोधित करते हुए उन्होने पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहनें का संदेश दिया साथ ही अपने स्वास्थ का ध्यान रखने एवं देशभक्ति जन सेवा के लोगो को चरितार्थ करने एवं लगन व निष्ठा से अपना दायित्व निर्वहन करनें हेतु निर्देशित किया गया. बेहतर पुलिसिंग के मंत्र भी आईजी ने दिये.

# डीईओ पहुंचे औचक निरीक्षण करने, छात्रों की मिली कम संख्या



नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, जिला शिक्षा अधिकारी ने दोपहर शासकीय हाई स्कूल बम्हौरी का औचक निरीक्षण किया.**

जहा विद्यालय में छात्रों की संख्या बहुत कम पाई गई. जिस पर डीईओ ने नाराजगी जताते हुए चिंता व्यक्त की और प्राचार्य सहित शिक्षको को निर्देशित किया कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए. इसके साथ ही डीईओ रामराज मिश्रा ने प्राचार्य को निर्देशित किया कि परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया गया. लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी विषय शिक्षक एवं प्राचार्य अपना दायित्व सुनिश्चित करे. ताकि परीक्षा परिणाम लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके. डीईओ ने निर्देशित किया कि विगत तीन वर्षो के प्रश्न पत्रो के माध्यम से छात्रो को परीक्षा हेतु तैयार करे. जिससे परीक्षा परिणाम बेहद आ सके. निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था भी देखी. सहायक संचालक राजेश मिश्रा मौजूद रहे.

# राइजिंग मेन पाइप लाइन टूटने से सप्लाई प्रभावित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, टंकियों को भरने वाले कुठुलिया प्लांट की राइजिंग मेन पाइप लाइन सीवर लाइन डालने के दौरान समान पटेल तिराहा के पास आज शाम को डैमेज हो गई.**

कुठुलिया प्लांट के दो पंप के स्थान पर एक पंप चालू है तथा समान रतहरा वा नेहरू नगर टंकी को भरना बंद हो गया है. अन्य टंकियों भी एक पंप चलने के कारण 35 प्रतिशत ही भर पाएगी. जिससे कल सुबह कुठुलिया प्लांट की सभी टंकियों कुठुलिया, पीटीएस, हॉस्पिटल, हॉस्पिटल, कोठी, पडरा, पद्मधर, दीनदयाल, शान्तिबिहार व विंध्य बिहार टंकियों से पेयजल सप्लाई प्रभावित रहेगी. समान, नेहरू नगर वा रतहरा टंकी से पूर्णत: सप्लाई बंद रहेगी.

## संक्षिप्त

### सम्पत्ति और जलकर में मिलेगी छूट

**रीवा,** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर शनिवार को किया जा रहा है. जिसमें वर्ष 2024-25 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जाएगी. लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कार्यालय के साथ साथ चारो जोन कार्यालयों में भी सुबह 10 बजे से 6 बजे तक किया जावेगा. सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को नोटिस देकर राशि जमा करने की सूचना दी गई है.

### एसआईआर कार्य के लिए रात्रिकालीन शिविर

**मऊगंज,** एसआईआर कार्य हेतु पटवारी हल्का पैपखार में रात्रिकालीन शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें पटवारी हल्का अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 125,127,128 में एसआईआर संबंधित कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु रात्रिकालीन शिविर का आयोजन किया गया. जिसमे संबंधित बीएलओ, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, सहायक सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हल्का पटवारी सहित कुछ ग्रामीणजन मौजूद रहे.

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई

**मऊगंज,** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला मऊगंज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जयंती के उपलक्ष में 22 नम्वबर को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन जिले की सभी नगर इकाई में किया गया. जिसमें लगभग 5000 की संख्या मे विद्यार्थियों ने भाग लिया. मऊगंज में शासकीय महाविद्यालय मऊगंज में भी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा के अनुरूप परीक्षा दी.

### मऊगंज में 77 .31 प्रतिशत हुआ डिजिटाइजेशन

**मऊगंज,** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मऊगंज जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है. इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन करके जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं. गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन में तेजी आई है. जिले में 26 नवम्बर को शाम 5 बजे तक 370925 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. यह कुल लक्ष्य का 77 .31 प्रतिशत है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में कुल 479769 मतदाता दर्ज हैं. इन सभी को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 181137 तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 189788 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. अब तक विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 78 .27 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में 76 .42 प्रतिशत गणना पत्रक डिजिटाइज किए जा चुके हैं. बीएलओ को सहयोग देने के लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता को तैनात किया गया है. सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा सेक्टर आफीसर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं.

### गणना पत्रक डिजिटाईजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें

**मऊगंज,** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है. मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत प्रत्येक मतदाता से गणना पत्रक में जानकारी प्राप्त कर उसका डिजिटाईजेशन किया जा रहा है. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि गणना पत्रक के डिजिटाईजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें. बीएलओ को गणना पत्रक प्राप्त करने अथवा डिजिटाईजेशन में आ रही कठिनाई को दूर कराएं. जो बीएलओ तकनीकी रूप से कार्य करने में कमजोर हैं उन्हें विभागीय अमले से सहयोग देकर डिजिटाईजेशन कराएं. गणना पत्रक का डिजिटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूरा करें. इसके अतिरिक्त 80 प्रतिशत कम प्रगति वाले केन्द्रों के लिए शिविर लगाकर सत्यापन का कार्य करायें. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गणना पत्रक को भरने और डिजिटाईजेशन पर ध्यान दें. 2003 के बाद बहू के रूप में परिवार में शामिल हुई महिलाओं के माता-पिता तथा दादा-दादी की जानकारी प्राप्त कर उनका सत्यापन कराएं. बीएलओ तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए अन्य कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग ले सकते हैं.



पानी न छोड़ने के कारण रवी सीजन में सूखी पड़ी पुर्वा नहर

# नहर के पानी के इंतजार में किसान, बोनी हो रही पीछे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, धान की फसल कटने के बाद किसान खेत में पलेवा लगाने के लिये पानी का इंतजार कर रहा है और अभी बाणसागर डैम की नहरो में पानी नही छोड़ा गया है. लिहाजा पानी न मिलने के कारण गेंहू की बोनी पीछे हो रही है.**

किसानो की लगातार मांग के चलते क्योटी कैनाल में पानी दे दिया गया है. लेकिन अपर पुर्वा नहर में अभी पानी नही छोड़ा गया है. दरअसल कई जगह नहर की मरम्मत की जा रही है जिसके चलते पानी नही छोड़ा गया है. उम्मीद है कि अगले सप्ताह से पानी छोड़ दिया जाएगा. धान की कटाई के बाद बोनी की तैयारी किसानो ने शुरू कर दी है.

नहरो में पानी न होने से रवी सीजन बोनी के लिये पलेवा नही लग पा रहा है और धीरे-धीरे बोनी पीछे होती जा रही है. क्योटी कैनाल एवं अपर पुर्वा नहर में पानी को लेकर कई बार किसानो ने अधिकारियों से मांग की और ज्ञापन तक सौपा. जिसके बाद क्योटी कैनाल में पानी छोड़ा गया लेकिन रिसाव के कारण पानी बंद करना पड़ा. हालाकि अब पुन: पानी छोड़ दिया गया है. जबकि अपर पुर्वा कैनाल में अभी तक पानी नही छोड़ा गया है जिसके चलते रीवा पश्चिमी क्षेत्र के किसानो को पानी नही मिल रहा है. सैकड़ो किसान नहर के पानी के इंतजार में बैठे हुए है. पानी मिलने के बाद ही पलेवा लगेगा और गेंहू की बोनी हो पाएगी. अपर पुर्वा नहर की मरम्मत चल रही है, काम पूरा होते ही पानी छोड़ दिया जायेगा.

### क्योंटी कैनाल में छोड़ा गया है पानी : मनोज

प्रभारी अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मनोज तिवारी ने बताया कि क्योटी कैनाल में पहले पानी छोड़ा गया था. रिसाव के कारण कुछ दिन के लिये पानी बंद करना पड़ा और अब पुन : पानी छोड़ दिया गया है और पुर्वा नहर में 30 नवम्बर के बाद पानी छोड़ दिया जाएगा, कई जगह मरम्मत का कार्य चल रहा है.

# कमिश्नर ने मऊगंज में लिया एसआईआर का जायजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, मऊगंज जिले में एसआईआर का काम तेज गति से चल रहा है. रीवा कमिश्नर ने मऊगंज पहुंचकर एसआईआर कार्यो का निरीक्षण किया.**

कमिश्नर बीएस जामोद ने मऊगंज जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर एसआईआर का जायजा लिया. कमिश्नर ने मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र पटेहरा तथा देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र पन्नी का निरीक्षण किया. कमिश्नर ने कहा कि बीएलओ तथा उनके सहायक कर्मचारी मतदाताओं से तत्काल गणना पत्रक प्राप्त कर लें. मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस कार्य को निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य है. मतदाताओं के सत्यापन के लिए सभी गणना पत्रक 28 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से डिजिटाइज कर दें. सभी मतदाता बीएलओ को तत्काल गणना पत्रक उपलब्ध करा दें. मतदाता सूची ही मतदान का आधार है और मतदान से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था का सृजन होता है. इसलिए मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण करके इसका परिमार्जन किया जा रहा है. मौके पर उपस्थित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया कि कुछ स्थानों पर महिला मतदाताओं की जानकारी मिलने में कठिनाई आ रही है. बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, गणना पर्यवेक्षक और एआरओ की टीम दो दिन में सभी गणना पत्रक प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा करेगी. इस अवसर पर एडीएम तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीके पाण्डेय, एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, संयुक्त आयुक्त एलआर अहिरवार मौजूद रहे.

# अटल पार्क टेंडर अनुबंध नहीं करने पर निरस्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, अटल पार्क के संचालन एवं साधारण रखरखाव के लिए जारी निविदा को नगर निगम ने निरस्त कर दिया है.**

अधिकतम बोली लगाने वाली कंपनी आराध्य श्रीराम प्राइवेट लिमिटेड को दो वर्षों के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है, जबकि कंपनी की टेंडर डिपोजिट राशि भी जब्त कर ली गई है. कंपनी के प्रतिनिधि अनुपम त्रिपाठी को निगम द्वारा भेजे गए पत्रों 17/10/2025 एवं 03/11/2025 के बावजूद अनुबंध पर हस्ताक्षर नहीं किए गए. 5.21 करोड़ की अधिकतम बोली लगाने के बाद वर्क ऑर्डर जारी होने पर भी कंपनी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई.जांच उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्रवाई पर सहमति दे दी है. ठेकेदार ने अब तक अनुबंध निष्पादित नहीं किया है.


# पड़रिया में लायंस क्लब ने जरूरत मंदों को किया कंबल वितरण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, रीवा नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था लायंस क्लब रीवा ग्रेट एवं उसकी सहयोगी वी क्लब रीवा ग्रेट द्वारा ग्राम पड़रिया नैकिन में जाकर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए.**

प्रतिवर्ष क्लब द्वारा दुरुस्थ ग्रामीण अंचल में जाकर जरूरतमंदों की सेवा की जाती है इसी कड़ी में इस वर्ष के दूसरे चरण में ग्राम पड़रिया जाकर डेढ़ सौ कंबल वितरित किए गए. कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री सचिव लायन गायत्री गुप्ता रीजन चेयर पर्सन लायन वीरेंद्र वर्मा लायन वीरेंद्र आर्य लायन अशोक प्रधान लायन पूनम दुबे लायन दीप्ति अग्निहोत्री लायन नीलम चौरसिया लायन राजेश्वरी गुप्ता वर्मा लायन उमेश गुप्ता लायन अनूप अवस्थी लायन अर्चना श्रीवास्तव लायन मीना सोनी लायन रविंद्र कौर लायन मंजू सिंह लायन मीना कुंदर लायन अमर सिंह लायन संतोष तिवारी आशा मालानी मौजूद रही.

# पुरानी बाजार की सड़कों तक पसरा अतिक्रमण, पैदल निकलना मुश्किल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, शहर के पुराने बाजार की सड़क अतिक्रमण की चपेट में है. पुराने सब्जी मंडी और गुड़हाई बाजार जाने वाले मार्ग में दुकानदारो ने सामान रखकर अवैध कब्जा जमा रखा है. लिहाजा अंदर पैदल पहुंचना मुश्किल होता है.**

उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में नगर निगम द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की थी, जिसका व्यापारियों ने विरोध किया था और कुछ दिन के लिये समय मांगा था. लेकिन उसके बाद किसी तरह की कार्यवाही नही हुई और अभी भी स्थानीय दुकानदारो ने टीन शेड़ बढ़ाकर दोनो तरफ अतिक्रमण किये हुए है. पूर्व में मार्ग चौड़ा था और कार भी अंदर चली जाती थी लेकिन विगत कुछ वर्षो में दुकानदारो ने शेड़ बढ़ाकर अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है. यही हाल प्रकाश चौराहा से गुड़हाई बाजार तरफ जाने वाले मार्ग का है. खटकहाई बाजार केवल पैदल पहुंच सकते है. अगर कोई चाहे कि मोटर साइकल से अंदर चला जाय तो नही जा सकता. नगर निगम का उड़नदस्ता दल हूटर मारते हुए निकलता है लेकिन सड़को पर किया गया अस्थाई अतिक्रमण दिखाई नही देता.

# आसमान में बादलों का ड़ेरा, दिन के तापमान में एक डिग्री की गिरावट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 नवम्बर, कड़ाके की ठंड के बीच गुरूवार को सुबह से बादलो की लुकाछिपी शुरू हो गई. अन्य दिनो के अपेक्षा दिन के अधिकतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट आई है.**

बुधवार को जहा अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री था. वही घटकर 24.6 डिग्री पहुंच गया है, जिसके चलते ठंड ज्यादा रही है. शाम ढ़लते ही धुंध छा गया. वही न्यूनतम तापमान भी 9 डिग्री पर स्थिर रहा. गौरतलब है कि पूरे नवम्बर कड़ाके की ठंड पड़ी, तापमान भी 7.5 डिग्री तक पहुंच गया. इतनी ठंडी नवम्बर महीने में दस वर्षो में नही पड़ी.

लगातार ठंड बढ़ती जा रही है, सुबह से बादलो की लुकाछिपी रही. लेकिन गर्म होने के बजाय मौसम ठंडा रहा. साथ ही तापमान घटकर 24.6 डिग्री पहुंच गया. यही वजह है कि दिन में ठंड का असर तेज रहा. अन्य दिनो के अपेक्षा हवा की गति 6 किलो मीटर की रफ्तार से रही. लगातार उत्तरी ठंड हवाएं पहुंच रही है जो दिन की ठंड को बढ़ा दी है.

नगर निगम ने शहर के सार्वजनिक स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की है और अस्पताल में मरीजो की संख्या बढ़ रही है. खासकर ठंड में हृदय रोग मरीजो की संख्या बढ़ जाती है. इस समय सुपर अस्पताल के हृदय रोग विभाग में मरीजो की संख्या सबसे ज्यादा है, एक भी बेड़ खाली नही है. ठंड से बचने की सलाह दी जाती है, खासकर वृद्धजनो को ठंड में अटैक और लकवे का खतरा ज्यादा बना रहता है.



कड़ाके की ठंड के बीच सांई मंदिर के सामने अलाव तापते लोग